वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय

आरा - 802 301 (बिहार)

Ph. & Fax : 06182 - 239209

पत्रांक:- DSW/88/24 दिनांक:- 16/07/2024

स्नातकोत्तर सत्र 2024-26 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा संबंधी सूचना

विश्वविद्यालय नामांकन समिति एवं विद्वत परिषद् की दिनांक 11.07.2024 एवं 15.07.2024 को बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के अन्तर्गत स्नातकोत्तर (सत्र 2024-2026) के सभी (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) संकायों में नामांकन पात्रता परीक्षा (Entrance Test) के आधार पर लिया जायेगा। परीक्षा का प्रारूप इस प्रकार होगा:-

1. समूह (Group) A 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक 01 अंक का) = कुल 50 अंक। यह (समूह A) सभी संकायों के छात्रों के लिए एक समान होगा।
2. समूह (Group) B 75 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रत्येक 02 अंक का) = कुल 150 अंक। इसमें विषय आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे।
3. अगर कोई छात्र इन छः विषयों (भोजपुरी, लोक प्रशासन, प्राकृत, दर्शनशास्त्र, प्राचीन इतिहास एवं संस्कृत) में नामांकन लेना चाहता है, तो वह इन विषयों में पात्रता परीक्षा देगा।
4. किसी भी संकाय के छात्र उपरोक्त छः विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं।
5. उपरोक्त छः विषयों में सीट खाली रहने पर दूसरे विषयों में पात्रता परीक्षा पास छात्रों का भी मेधा सूची में स्थान दिया जा सकता है।
6. शेष विषयों में नामांकन हेतु आधार प्रतिष्ठा विषय या वैकल्पिक विषय होगा।
7. पात्रता परीक्षा में निगेटीव मार्किंग नहीं की जाएगी।
8. अनारक्षित श्रेणी के छात्र को पास करने हेतु समूह A एवं B जोड़कर 80 अंक एवं आरक्षित श्रेणी छात्र को 70 अंक लाना अनिवार्य होगा।
9. छात्र अपना आवेदन ध्यान पूर्वक भरेंगे क्योंकि तत्पश्चात् किसी प्रकार के सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।
10. आवेदन शुल्क 800/-रु० होगा।
11. पात्रता परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्र का प्रतिष्ठा विषय में 45% एवं वैकल्पिक/पास विषयों के आधार कुल प्राप्तांक 55% होना आवश्यक है।
12. ऑनलाइन आवेदन **www.vksuexams.com** पर दिनांक 17.07.2024 से 26.07.2024 तक कर सकते हैं।

16/07/2024

अध्यक्ष, छात्र कल्याण

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

Shrish Vatsyayan

E New/Hin B K -P-897